**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय**
(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

**Guru Ghasidas Vishwavidyalaya**
(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 200 / बै.प्र. / **2024** बिलासपुर, दिनांक : 21-08-2024

**प्रति,**

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
विद्यापरिषद की स्थायी समिति,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

**विषय :–** विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 186वीं बैठक दिनांक 21.08.2024 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

———0———

**महोदय / महोदया,**

विषयान्तर्गत, दिनांक 21.08.2024 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 186वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ संलग्न प्रेषित है।

आदेशानुसार

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**

पृ0 क्रमांक 201 / बै.प्र. / **2024** बिलासपुर, दिनांक : 21-08-2024

**प्रतिलिपि :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
03. निदेशक, आईक्यूएसी / सहायक कुलसचिव–अकादमिक / प्रशासन / विकास / प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 186वीं बैठक दिनांक 21.08.2024 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 186वीं बैठक दिनांक 21.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी | सदस्य |
| 4. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सीमा राय | सदस्य |
| 6. | प्रो0 राजेन्द्र मेहता | सदस्य |
| 7. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 8. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एच.एस.तिवारी | सदस्य |
| 11. | प्रो0 रामकृष्ण प्रधान | सदस्य |
| 12. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 13. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति | सदस्य |
| 14. | डॉ0 बबिता माझी | सदस्य |
| 15. | श्रीमती श्वेता सिंह | सदस्य |
| 16. | डॉ0 एस. श्वेता | सदस्य |
| 17. | प्रो0 भारती अहिरवार | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 एल.व्ही.के.एस. भास्कर | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्रकल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | श्री एच.एन. चौबे, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। कुलपति महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में अपने उद्बोधन में छोटी–छोटी घटनाओं का जिक्र करते हुए सत्कर्म करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्होंने जीवन में दुःख के कारण भी बताये और अपने उद्बोधन में विश्वविद्यालय हित में मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी। कुलपति महोदय के प्रेरणादायी उद्बोधन के पश्चात् निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 185वीं बैठक दिनांक 14.08.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 185वीं बैठक दिनांक 14.08.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि विषय क्रमांक–14 के अंतर्गत प्रस्तावित नियम के Preamble के चौथे लाईन में शब्दों को निम्नानुसार पढ़ा जाय –

"University fees/Hostel fees/Teaching aides etc."

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की 185वीं बैठक दिनांक 14.08.2024 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 185वीं बैठक दिनांक 14.08.2024 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।



Randive
21-08-2024

21/08/2024

**विषय क्र. 03.** **एनसीसी शिविरों में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए सेमेस्टर परीक्षा पृथक से आयोजित करने पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि एनसीसी शिविरों में भाग लेने वाले कैडेटों के लिए सेमेस्टर परीक्षा पृथक से आयोजित की जाय एवं इस हेतु अध्यादेश क्रमांक–26 में सुझाये गये संशोधनों को मान्य किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उपरोक्तानुसार व्यवस्था एनएसएस में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए भी किया जाय।

**विषय क्र. 04.** **अध्ययन मण्डल, शिक्षा विभाग से प्राप्त पाठ्यक्रम पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि अध्ययन मण्डल, शिक्षा विभाग के द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन किया गया।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेश के प्रावधानों के अनुरूप हो।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष अधिष्ठाताओं की बैठक दिनांक 20.08.2024 के कार्यवृत्त प्रस्तुत किये गये। अधिष्ठाताओं के माध्यम से प्राप्त अनुशंसाओं पर चर्चा करते हुए स्थायी समिति ने निम्नानुसार निर्णय लिया –

अ) अधिष्ठातागणों के द्वारा प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रस्तावित अकादमिक कैलेण्डर 2024–25 का अनुमोदन किया जाय।

ब) कुलपति महोदय के विवेकाधिकार के अधीन गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 03 सुपरन्युमेररी सीट सृजन संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय। विश्वविद्यालय में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के गैर–व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में कुलपति महोदय विवेकाधिकार का उपयोग करते हुए प्रत्येक पाठ्यक्रम के प्रत्येक बैच में 03 अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश प्रदान कर सकते है।

स) UniKaushal एवं GGC से प्राप्त प्रस्तावों पर अधिष्ठातागणों से प्राप्त अनुशंसानुसार कार्यवाही की जाय।

द) अधिष्ठातागणों से प्राप्त अनुशंसानुसार विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को लेपटॉप वितरण संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

शिक्षकों एवं अधिकारियों के लिए बजट उपलब्धता के अनुसार लैपटॉप क्रय करने हेतु 02 तकनीकि समिति का गठन किया जाय –

प्रथम समिति – लैपटॉप वितरण, लैपटॉप संधारण, लैपटॉप रख–रखाव एवं निपटान के लिए नीति प्रारूपण संबंधी समिति।

द्वितीय समिति – लैपटॉप क्रय, निविदा दस्तावेज प्रारूपण, बजट निर्धारण संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करने संबंधी समिति।

उपरोक्तानुसार समितियों के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

इ) अधिष्ठातागणों से प्राप्त अनुशंसानुसार शोध विनियम 2023 के प्रावधानों में संशोधन किये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

21-08-2024

21/08/2024

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष वानिकी छात्रावास के बी.एससी. तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के निवास संबंधी विषय प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि मुख्य छात्रावास अधीक्षिका के माध्यम से उक्त विषय पर प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .03** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष मेस सुविधा के संबंध में विषय प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि उक्त विषय पर मुख्य छात्रावास अधीक्षिका के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष एम.टेक कार्यक्रमों में प्रवेश से संबंधित विषय प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि निर्धारित सीटों से कम आवेदन संख्या को दृष्टिगत रखते हुए एम.टेक. कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन न कराया जाय एवं स्नातक स्तर में अर्जित अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची का निर्माण कर प्रवेश प्रदान किया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .05** विद्यापरिषद की स्थायी समिति के समक्ष मेंटल हैल्थ एवं वेलबिइंग (एम.एस.डब्ल्यू) रैंकिंग 2024 के लिए जमा किये गये डाटा की सूचना प्रस्तुत की गई। सूचना ग्रहण करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि कृत कार्यवाही की पुष्टि की जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

21-08-2024 | 21/08/2024

**कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव** | **कुलपति / अध्यक्ष**